हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 4 जुलाई 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 अशासकीय स्कूलों द्वारा निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने ...






## खबर संक्षेप

### चटाई पर सो रही महिला को जहरीले सांप ने काटा, मौत

**अम्बिकापुर।** घर के कमरे में जमीन पर चटाई बिछाकर सो रही महिला को जहरीले सांप ने डस लिया तो महिला ने पहले सांप को मौत के घाट उतारी फिर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जशपुर अंतर्गत ग्राम डोकडा निवासी सेबेसिया पति वराता लोमी खेस (46 वर्ष) 20 जून को घर के कमरे में जमीन पर चटाई बिछाकर सो रही थी। इसी दौरान करैत सांप ने उसे काट लिया। सांप के डसने पर उठी और पहले सांप को मारा फिर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल महिला को परसाबहार अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पकड़ने पहुंची धनबाद की पुलिस

# शहर में छिपा था गैंग्स ऑफ वासेपुर का गैंगस्टर सब्बीर आलम, रह रहा था आम लोगों की तरह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- चकमा देकर फिर से हुआ फरार

गैंग्स ऑफ वासेपुर की कहानी तो हर किसी ने देखी है लेकिन क्या आपको पता है कि वासेपुर में वाकई में दो गुटों के बीच खुनी खेल चलता था और उससे जुड़े कई गैंगस्टर आज भी मौजूद है और इनमें से ही एक गैंगस्टर सरगुजा में छिपा हुआ था। ऐसा ही एक चौकाने वाला मामला शहर में सामने आया है। शहर में पिछले कई वर्षों से झारखण्ड के वासेपुर का गैंगस्टर छिपा हुआ था। 2001 में वासेपुर के डॉन के मां व चाची की हत्या करने के बाद से फरार चल रहा गैंगस्टर शहर में पहचान बदलकर रह रहा था। इस बात का खुलासा तब हुआ जब धनबाद पुलिस दोहरे हत्याकांड के मामले में आरोपी को पकड़ने के लिए पहुंची थी। हालांकि गैंगस्टर धनबाद पुलिस के हाथ नहीं आया और चकमा देकर भागने में सफल हो गया। वासेपुर के गैंगस्टर के शहर में छिपे होने की घटना से हड़कंप मच गया है।


फरार आरोपी।

बताया जा रहा है कि झारखंड वासेपुर के गैंगस्टर सब्बीर आलम ने अपने भाई व साथियों के साथ मिलकर डॉन फहीम खान की मां नाजमा खातून और चाची शहनाज खातून की 18 अक्टूबर 2001 को धनबाद के डायमंड क्रासिंग के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के दौरान दोनों महिलाएं बाजार से लौट रही थी। गैंगस्टर सब्बीर आलम और डॉन फहीम खान के बीच दुश्मनी के कारण यह घटना हुई थी। इस हत्या के मामले में गैंगस्टर सब्बीर आलम, शाहीद आलम सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। दोहरे हत्याकांड की सुनवाई झारखंड के हाईकोर्ट में चल रही थी और वर्ष 2018 में कोर्ट ने शाहिद आलम व अन्य आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है लेकिन इसके पहले वर्ष 2013 में सुनवाई के दौरान कोर्ट से पुलिस को चमका देकर सब्बीर आलम फरार हो गया था और उसके बढ़ से ही उसकी तलाश चल रही थी।

### शहर में छिपा था, पुलिस को चकमा देकर

बड़ी बात यह है कि कोर्ट से फरार हुआ गैंगस्टर सब्बीर आलम पिछले कई सालों से शहर में पहचान छिपाकर रह रहा था। इस बात की सूचना मिलने के बाद धनबाद की पुलिस अंबिकापुर पहुंची थी और रिंग रोड में एक होटल के समीप गली में छापा मारा था। चूंकि कार्रवाई के दौरान पुलिसकर्मी सादे कपड़े में थे इस लिए स्थानीय लोगों ने उनका विरोध किया। इसी बीच मौके का फायदा उठाकर सब्बीर फरार हो गया। हैरानी की बात तो यह है कि धनबाद से आई पुलिस ने अपने छापामार कार्रवाई की सरगुजा पुलिस को कोई सूचना नहीं दी थी, जब आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला तो उन्होंने इसकी सरगुजा पुलिस को दी।

#### बन चुकी है गैंग्स ऑफ वासेपुर फिल्म

बता दें झारखंड के धनबाद के कोयला माफियाओं और गैंगस्टरों पर हिट फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर भी बनी है जो वर्ष 2012 में रिलीज हुई थी। अनुराग कश्यप की इस फिल्म में माफिया डॉन फहीम खान, गैंगस्टर सब्बीर आलम सहित अन्य लोगों की कहानियां हैं। यह फिल्म काफी चली और लोग आज भी इस फिल्म को देखते है लेकिन किसी को इस बात का अंदाजा नहीं होगा कि गैंग्स ऑफ वासेपुर का असर गैंगस्टर सब्बीर आलम शहर में आम लोगों के बीच छिपकर रह रहा है।

### चल रही है तलाश

धनबाद की पुलिस वारंटी की तलाश में आई थी। इस दौरान उन्होंने सरगुजा पुलिस को सूचना नहीं दी और आरोपी को पकड़ने चले गए। सरगुजा पुलिस ने संयुक्त प्रयास से वारंटी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मिला। आरोपी की तलाश जारी है।

**-राजेश अग्रवाल**
एसएसपी

# सार्वजनिक मंच पर माला पहनाने की सजा, महिला सरपंच के परिवार को किया गया बहिष्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- खैरवार समाज की ओर से दी गई सजा, भाजपा नेता पर लगा उगाही का आरोप, एसपी से शिकायत

आधुनिकता के युग में भी पुरानी कुरीतियां हावी है। आलम यह है कि जनता द्वारा चुने गए जन प्रतिनिधि भी इस कुरीति के कारण प्रभावित हो रहे है। बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में ऐसा ही मामला सामने आया है। महिला सरपंच को सार्वजनिक मंच पर सम्मान करने के लिए माला पहनाने पर पूरे परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर दिया गया और उन्हें किसी भी कार्यक्रम में निमंत्रण नहीं मिलता। समाज में शामिल करने के लिए बकरा भात खिलाना पड़ेगा। वहीं महिला सरपंच व उसके पति को गांव में विकास कार्य करने से रोका जा रहा है और जबरन रुपयों की मांग की जा रही है। महिला सरपंच ने दबाव डालने और उगाही का आरोप लगाकर भाजपा नेता के खिलाफ शिकायत की है लेकिन फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिगवां में पंचायत चुनाव के दौरान महिला सीट से खैरवार समाज की महिला मनबसिया बाई पति देवेंद्र खैरवार ने जीत दर्ज की थी। महिला सरपंच व परिवार का आरोप है कि एक साल पहले हरिगवां में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भाजपा नेता मंशाराम साहू ने सम्मान के नाम पर उसे माला पहनाई थी। इस घटना के बाद समाज के लोगों द्वारा परिवार का विरोध करने के साथ ही समाज से बहिष्कृत कर दिया गया। महिल सरपंच मनबसिया का आरोप है कि सार्वजनिक मंच पर माला पहनाने के बाद उन्हें किसी भी कार्यक्रम का न्यौता नहीं मिलता, सामाजिक रूप से उन्हें किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं किया जाता है। इधर महिला सरपंच के पति का कहना है कि किसी महिला को जयमाला पति ही पहनाता है। किसी अन्य द्वारा माला पहनाना अनुचित है। इसी लिए



समाज की ओर से बहिष्कृत किया गया और अब बकरा भात खिलाने के बाद उन्हें समाज में शामिल किया जाएगा। पीड़ित परिवार का कहना है कि समाज ने उन्हें दोबारा शामिल करने के लिए सामाजिक दंड और कुछ शर्तें भी रखी हैं। परिवार ने इसे अनुचित बताते हुए रघुनाथनगर थाने में लिखित शिकायत दी है।

### भाजपा नेता पर उगाही का आरोप

महिला सरपंच मनबसिया और उसके पति का आरोप है कि भाजपा नेता मंशाराम साहू द्वारा माला पहनाने के बाद यह विवाद शुरू हुआ। वहीं अब भाजपा नेता दवरा उन्हें परेशांन किया जा रहा है। आरोप है कि गांव में सड़क निर्माण के लिए मुरुम डालने के कार्य के दौरान बाधा पहुंचाते हुए गाली गलौज की गई और डेढ़ लाख रूपए की मांग की गई है। दबंग व्यक्ति दवारा जातिगत गाली गलौज किया गया। इस मामले की शिकायत पूर्व रघुनाथनगर थाना, एसपी के साथ ही आईजी से की गई है। अब इस मामले में प्रशासन ने हस्तक्षेप कर समाज के लोगों को समझाइश देने की बात कही गई है।

### दी जाएगी समझाइश

मामले की सूचना मिली है। पीड़ति पक्ष का आवेदन थाना प्रभारी, एसपी के पास है। पुलिस इस मामले में अपनी ओर से विवेचना कर रही है। सामान्य प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा आगे समझाइश देने के साथ ही उचित कार्रवाई करेगा।

**-नीर निधि नंदेहा**, एसडीएम

### अवैध खनिज परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई, 4 वाहन जब्त

**अम्बिकापुर।** जिले में अवैध रूप से खनिज परिवहन पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। जिले में अलग अलग स्थानों पर रेत परिवहन कार्य में लगे चार वाहनों को खनिज विभाग ने जब्त करने के साथ ही कड़ी कार्रवाई की है।

बता दें कि कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्रवाई जारी है। खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार खनि अमला द्वारा 2 जुलाई को अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गई। तहसील अम्बिकापुर अंतर्गत ग्राम सरगंवा में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते हुए खनिज टीपर वाहन क्रमांक सीजी 15 ईएफ 1437 वाहन मालिक मनीष प्रताप सिंह, टीपर वाहन क्रमांक सोल्ड टीपर 912 वाहन मालिक हरि यादव एवं वाहन टीपर क्रमांक सीजी 15 ईएफ 0149 वाहन मालिक श्रीकांत जायसवाल से जप्त कर निम्न श्रेणी चूनापत्थर खनिज कलेक्टर परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। इसी प्रकार लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम धौरपुर में खनिज साधारण पत्थर वाहन हाईवा क्रमांक सीजी 15 ईएल 0520 वाहन मालिक संतोष अग्रवाल पर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज चैकी प्रभारी रघुनाथपुर के अभिरक्षा में दिया गया है। सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 (4) एव एमएमडीआर की धारा 21 (5) एवं 23 एवं छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 यथा संशोधित 22 जून 2026 के नियम 71 के तहत कारवाई की जाएगी।



# गोपनीय गोदाम में खाद का भण्डारण 242 बोरी अवैध खाद किया गया जब्त



**अम्बिकापुर।** खाद की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण पर कार्रवाई करने उप संचालक कृषि पीताम्बर सिंह के नेतृत्व में निकली विभाग की टीम ने शुक्रवार को विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम रघुनाथपुर में संचालित मे.शुभम फर्टिलाइजर्स की आकस्मिक जांच की। जांच में उर्वरकों के अवैध भण्डारण पर टीम ने 242 बोरी खाद जब्त किया है साथ ही स्टॉक में अंतर आने पर संचालक को नोटिस जारी किया गया है।

■ स्टॉक में गड़बड़ी मिलने पर संचालक को नोटिस

जांच में संचालक द्वारा विभाग को सूचना दिए बिना अन्यत्र गोदाम में 148 बोरी यूरिया तथा 94 बोरी डीएपी का भण्डारण किया गया था तथा वही से खाद का विक्रय किया जा रहा था। गोदाम बदलने की सूचना विभाग को नहीं देने के कारण अधिकारियों ने इसे अवैध भण्डारण मानते हुए जब्ती की कार्रवाई कर दुकान से जब्त खाद को आगामी आदेश तक सुरक्षित रखने के निर्देश के साथ दुकान संचालक के सुपुर्द किया। अधिकारियों ने खाद के स्टॉक एवं क्रय-विक्रय के पंजी का निरीक्षण किया तो कई अनियमितताएं मिली। मामले में विभाग द्वारा दुकान संचालक से प्रदीप कुमार गुप्ता को नोटिस जारी किया गया है। इस दौरान उप संचालक श्री सिंह ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा अवैध भण्डारण एवं खाद की कालाबाजारी के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद की कृत्रिम किल्लत पैदा करने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा तथा अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।














